चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा / डी0आर0 / 9137
दिनांक : 07.11.2024

अति–महत्त्वपूर्ण / समयबद्ध

विज्ञप्ति

सत्र 2024-25 में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश ले चुके ऐसे परास्नातक एवं स्नातक कर चुके छात्र जिनको पूर्व में ही विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन संख्या (Enrolment Number) आवंटित की जा चुकी है से अपेक्षा की जाती है कि वह निम्नवत गूगल फार्म लिंक पर जाकर दो दिवस के भीतर अपना नामांकन संख्या (Enrolment Number) दर्ज करना सुनिश्चित करें।

ऐसे छात्र जिनको पूर्व में नामांकन संख्या (Enrolment Number) आवंटित है, यदि वह अपना नामांकन संख्या (Enrolment Number) गूगल फार्म लिंक पर उपलब्ध नहीं कराते हैं तो उनके समर्थ पोर्टल पर लॉगिन में समस्या आयेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी छात्र / छात्राओं की स्वयं की होगी।

गूगल फार्म लिंक :–

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSf7nkBDDcozY2yDj1t_KwozEzMoENOfGwlH9mH6PLXUE4w1pA/viewform?usp=pp_url

ऐसे छात्र जिन्होंने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में प्रथम बार प्रवेश लिया है को उक्त गूगल फार्म पर कोई कार्यवाही करने की आवश्यकता नहीं है।

07/11

उप कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. समस्त विभागाध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ एवं समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि माननीय कुलाधिपति जी एवं राज्य सरकार द्वारा समर्थ पोर्टल को सक्रिय बनाने के अति–आवश्यक एवं समयबद्ध निर्देशों के आलोक में कृपया अपने विभाग / महाविद्यालय के समस्त छात्रों को अविलम्ब उक्त सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें। प्रत्येक दिवस आपके विभाग / महाविद्यालय के कुल छात्रों में से कितने छात्रों ने सूचना उपलब्ध करा दी है कि सूचना आवश्यक रूप से ई–मेल आई0डी0 examcontroller@ccsuniversity.ac.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
03. प्रो0 संजीव कुमार शर्मा, भौतिक विज्ञान विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
04. प्रभारी–समर्थ पोर्टल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्त्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों के **सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**, छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (परीक्षा)

SAMARTH : Regarding Enrolment Number of Old Students
Click on the given below link to provide us the required information

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSf7nkBDDcozY2yDj1t_KwozEzMoENOfGwlH9mH6PLXUE4w1pA/viewform?usp=pp_url